आवश्यक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / ख / 458 / 1480 भोपाल दिनांक 24 / 06 / 2020

प्रति,

संयुक्त / उप संचालक (समस्त)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय ....(म.प्र.)

विषय :— मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कार्यरत संविदा सेवको के मानदेय का भुगतान रोकने बावत्।

संदर्भ :— 1. इस कार्यालय का आदेश क्रमांक / मि.परी. / 7 / 2 / 68 दिनांक 12.02.2016
2. इस कार्यालय का आदेश क्रं. / बोर्ड कार्मिक / ख / 458—पार्ट / 2887 दिनांक 17.01.2018

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश क्रमांक / मि.परी. / 7 / 2 / 68 दिनांक 12.02.2016 से किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को हस्तांतरित 26 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कार्यरत संविदा सेवको का मानदेय मंडी बोर्ड के आदेश क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / ख / 458—पार्ट / 2887 दिनांक 17.01.2018 द्वारा कृषि उपज मंडी समितियों से भुगतान किया जा रहा है।

मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला राज्य शासन की परिसम्पत्ति हो गई है और सभी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का कार्य संचालनालय कृषि के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित है। ऐसे में उक्त प्रयोजन के लिए संविदा पर नियुक्त सेवकों के पारिश्रमिक का कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा भुगतान करने पर न केवल अंकेक्षण आपत्ति आने की संभावना है, अपितु मंडी समितियों से संबंधित कार्य नही होने पर भी उन पर प्रतिवर्ष अतिरिक्त आर्थिक भार पड रहा हैं।

अतः आपके संभाग के अंतर्गत कृषि उपज मंडी समितियों के स्तर से 26 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कार्यरत संविदा सेवको का मानदेय का दिनांक 01 जुलाई 2020 से भुगतान आगामी आदेश तक रोका जाना सुनिश्चित करें।

24.6.20
(संदीप यादव)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / ख / 458 / 1481 भोपाल दिनांक 24 / 06 / 2020

प्रतिलिपिः—

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. संचालक, संचालनालय, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विंध्याचल भवन भोपाल।
3. अपर संचालक, (वित्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय, भोपाल।

Scanned by TapScanner

4. सहायक संचालक (मिटटी परीक्षण प्रयोगशाला) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय, भोपाल।
5. भारसाधक अधिकारी/सचिव कृषि उपज मंडी समिति .... जिला ....म.प्र. की ओर पालनार्थ।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Scanned by TapScanner